जीवन में एक नियम जरूर बना कर रखना चाहिए
दोस्त अगर सुख में है तो आमंत्रण के बिना जाना नही चाहिए और अगर दोस्त मुसीबत में है तो आमंत्रण का इंतजार करना नही चाहिए।

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:85 | SUNDAY, DATE: 10-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

## जनमानस में डर का माहौल, बेखौफ चोर रोज दे रहे घटना को अंजाम

# सुबह-सुबह मेडिकल स्टोर से 4 लाख की चोरी!











लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं इसका अंदाजा आए दिन राज्य में हो रही चोरियों को देखकर लगाया जा सकता है। राज्य की पुलिस भले ही चोरों को पकड़ने और उन पर शिकंजे कसने की बात कर रही हो लेकिन अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है। वहीं शनिवार को लुधियाना पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने चार्ज संभालते ही अपराधियों को दो टूक सुनाई थी तो रविवार सुबह ही चोरों ने चोरी को अंजाम देकर यह साफ कर दिया है कि उनके मन में पुलिस को लेकर कोई भय नहीं है!

गौरतलब है कि रविवार 10 अप्रैल सुबह करीब 5 बजे लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में मोंटे कार्लो शो रूम के नजदीक स्थित बब्लू मेडिको में चोरों ने एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे करीब 4 लाख रूपये चुरा ले गए। चोरी की सूचना दुकानदार में डिविजन नं. 6 पुलिस को दे दी है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसीपी राजेश सिंह मामले को देख रहे हैं। वहीं शहर में आए दिन हो रही चोरियों से व्यापारियों और आमजन में खौफ का माहौल व्याप्त है। लोगों के बीच ऐसी चर्चाएं हो रही हैं कि आखिर आम जनमानस की सुरक्षा को कब तक इग्नोर किया जायेगा। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व केसरगंज मंडी होलसेल मार्केट से भी बंदूक की नोक पर 50 लाख की लूट हुई थी।

फोटो एवं इनपुट अजहर अंसारी

# राजा वड़िंग पंजाब कांग्रेस के नए निजाम

### नए प्रधान की नियुक्ति के बाद एक बार फिर बवाल





लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस को अब राजा वड़िंग के रूप में नया प्रधान मिल चुका है। नवजोत सिंह सिद्धू ने नए प्रधान को शुभकामनाएं दी हैं। लेकिन सूत्रों की मानें तो हाईकमान का यह फैसला सिद्धू व कांग्रेस के दूसरे समर्थकों को रास नहीं आ रहा है, जिसके चलते नए प्रधान की नियुक्ति के बाद एक बार फिर से बवाल शुरू हो गया है। वहीं खबरें तो यह भी है कि सिद्दू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले राजा वड़िंग से भी उनकी अनबन चल रही है।

गौरतलब है कि पंजाब में कांग्रेस की हार के बाद नवजोत सिंह सिद्धू लगातार शक्ति-प्रदर्शन में जुटे हुए थे। पिछले 20 दिनों में वह लगातार सीएम भगवंत मान के खिलाफ टिप्पणियां भी कर रहे थे और कांग्रेस वर्करों व नेताओं से मिल रहे थे। कयास यही लगाए जा रहे थे कि सिद्धू को कांग्रेस एक और मौका दे सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस हाईकमान का फैसला आने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने तो प्रधान राजा वड़िंग को शुभकामनाएं दी, लेकिन उनके समर्थक इससे नाराज हो गए हैं।

सुरजीत धीमान ने राजा वड़िंग के प्रधान चुने जाने का विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने राजा वड़िंग को मौकापरस्त व करप्ट बताया। उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग वहीं इंसान हैं, जिनका नाम ड्रग मामले व पैसों के लेन-देन में आने के बाद वह बादल परिवार के सामने झुक गए थे। इस समय पंजाब में कांग्रेस को बचाने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू जैसे इंसान की जरूरत थी, जिसने निस्स्वार्थ सेवा की। राजा वड़िंग को पंजाब प्रधान बनाने से अच्छा था कि किसी अनाड़ी को प्रधान लगा दिया जाता।

### सुरजीत धीमान कांग्रेस से बाहर

✔ राजा वडिंग की प्रधानगी का ऐलान होने के बाद इसकी खिलाफत करने वाले पूर्व एमएलए सुरजीत धीमान को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। धीमान को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निकाला गया है।

### पंजाब में बढ़ रहे लव जिहाद के मामले!

# यूपी की तर्ज़ पर पंजाब सरकार से कानून पास कराने को उठी मांग



लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। पंजाब में लव जिहाद के लगातार बढ़ते मामले को लेकर चिंतित विरसा संभाल मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख एवं समाजसेवी रजत सूद ने कहा कि राज्य में धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के ख़िलाह कोई कानून नहीं है इसलिए जेहादियों द्वारा पंजाब को सॉफ्ट टारगेट के रूप में देखा जा रहा है।

समाजसेवी रजत सूद ने कहा कि पंजाब में विरसा संभाल का गठन लव जिहाद के मामलों पर नकेल कसने के लिए किया गया है। सभी जिलों में इकाइयों का गठन किया जा रहा है। ताकि इस साल के अंत तक सभी गांवों एवं शहरों में थाना स्तर तक इकाइयां गठित कर दी जाएंगी। पिछले दिनों भामिया कलां में लव जिहाद का शिकार हुई लड़की ने बिना डरे मामला उठाया है। विरसा संभाल मंच के लोग अपनी हिन्दू बेटी से मिल कर उसे पूर्ण सहयोग देंगे। उसे मुफ्त कानुनी सहायता भी दिलवाई जाएगी एवं समाज के लोगों को जागरुक भी किया जायेगा कि वह ऐसे किसी के चंगुल में न फंसें।

आगे उन्होंने कहा कि जल्दी ही डीसी से मिल कर लव जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाने के लिए मांग पत्र दिया जाएगा।

### बेखौफ चोर

पंजाब में चोरों के मन में पुलिस का तनिक भी डर देखने को नहीं मिल रहा है। राज्य की पुलिस भले ही यह दावे लगातार कर रही हो कि वह अपराधियों, माफियाओं, चोरों पर अपनी नकेल कसने से पीछे नहीं हट रही है। लेकिन नतीजा अभी तक शिफर ही रहा है। क्योंकि जिस तरह से चोरी और मर्डर की खबरें रोज सामने आ रही है उसे देखकर चोरों एवं अपराधियों के मन का तो पता नहीं लेकिन आम जनमानस जरूर सहम गया है। कि राज्य में लॉ एंड आडर नाम की कोई चीज शायद ही बची है। राहगीरों का सड़क पर चलना दुस्वार है, व्यापारियों का व्यापार करना, मनचलों के चलते सड़कों पर लड़कियों का निकला ऐसी ही तमाम समस्याएं है। फिलहाल जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है वह चोरी की है क्योंकि चोरों के हौंसले बुलंद हैं उनमें पुलिस प्रशासन रंज भर भी डर नजर नहीं आ रहा है यही वजह है कि वे बेधड़क वारदात को अंजाम दे रहे हैं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

### समाजसेवियों ने फिर अवैध कचरा डंप पर बनाया सेल्फी प्वाइंट



लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। कमला लोहटिया कालेज के ठीक सामने बने अवैध कचरा डंप पर रविवार को पब्लिक एक्शन कमेटी की अगुवाई में समाजसेवियों ने सेल्फी प्वाइंट बना निगम की पोल खोली। लगभग 20 साल से इस जगह का इस्तेमाल कचरा फेंकने के लिए किया जा रहा था। जिसके कारण यहां से दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समाजसेवियों ने शनिवार हलका नार्थ से विधायक मदन लाल बग्गा को मैसेज भेज मौके पर आने के लिए कहा था। ताकी वह कचरा डंप का उद्घाटन कर सके। हालांकि वह मौके पर नहीं आए लेकिन निगम मुलाजिम जरूर पहुंचे। जिन्होंने मौके से कचरा हटाना शुरू कर दिया है।

# पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, पार्टी ने खेला हिंदू कार्ड





लुधियाना/यूटर्न/ 10 अप्रैल। कांग्रेस हाईकमान ने लुधियाना से पार्टी के पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री रहे भारत भूषण आशु को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर बड़ा दांव खेला है। आशु गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। राहुल गांधी से उनकी काफी नजदीकी है।

आशु विधानसभा चुनाव हार गए हैं, लेकिन वह भी तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। लुधियाना में अच्छी पकड़ रखने के साथ ही हिंदू वर्ग में भी उनकी अच्छी पहचान है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले जब नवजोत सिद्धू को कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया था तो उनके साथ चार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी लगाए गए थे। वह फार्मूला कामयाब नहीं हुआ और इस कारण पार्टी ने इस बार केवल एक प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की है।

कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद चन्नी सरकार में भारत भूषण आशु का नाम डिप्टी सीएम के लिए भी चला था। यही नहीं शहर के अन्य फेसबुक व वाट्सएप ग्रुपों में भी आशु को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर बधाइयों का दौर शुरू हो गया था। गौरतलब है कि भारत भूषण आशु कार्यवाहक मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के करीबी थे।

भारत भूषण आशु का जन्म 20 मार्च 1971 को हुआ था। पहली बार वह 1997 में कौंसलर बने थे। तीन बार पार्षद रहे। 2012 तक नगर निगम में बतौर पार्षद रहे। 2012 में कांग्रेस ने उन्हें लुधियाना पश्चिमी से टिकट दी और विधायक बने। कांग्रेस विपक्ष में थी तो पार्टी उन्हें कांग्रेस विधायक दल का उप नेता बनाया। हालांकि 2022 में वह विधानसभा चुनाव हार गए। हालांकि इस बार कांग्रेस लुधियाना की सभी सीटें हार गई है। लेकिन अब आशू के जरिए पार्टी हिंदू वर्ग को अपने साथ जोड़े रखने का काम करना चाहती है।

